विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@gov.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 251 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर**
   छत्तीसगढ़

2. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
   अटल नगर, नवा रायपुर

3. **प्रबंध संचालक,**
   अपेक्स बैंक,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1277 तारांकित द्वारा श्री धरमलाल कौशिक, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1277 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 252 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **प्रदेश के जिलो में धान सूखत/कमी का प्रतिशत**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1277** ) **श्रीधरमलाल कौशिक**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) प्रदेश में विगत 5 वर्षो में कितने-कितने धान की खरीदी एवं कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है? जिलेवार जानकारी देवें? (ख) प्रश्नांश क अनुसार अवधि एवं जिलों में कुल कितने प्रतिशत, कितनी मात्रा तथा कितनी राशि के धान की सूखत/कमी पाई गई? किन-किन जिलों में निर्धारित मापदण्ड से अधिक मात्रा में सूखत/कमी पाई गई है? उसके क्या कारण थे? वर्षवार, जिलेवार जानकारी देवें? (ग) प्रदेश में क्रय किये गए धान में सूखत या कमी पाये जाने के संबंध में शासन/विभाग के क्या-क्या नियम/निर्देश/मापन हैं? कितने प्रतिशत सूखत या कमी पाये जाने पर क्या-क्या कार्यवाही किये जाने के क्या-क्या नियम/निर्देश हैं? प्रश्नांश ख अनुसार पाई गई सूखत/कमी पर क्या-क्या कार्यवाही उक्त नियम/निर्देशानुसार की गई है? यदि नही तो क्यों? (घ) क्या यह सही है कि वर्ष 2025-26 में महासमुंद, कवर्धा, दंतेवाड़ा एवं सूरजपुर जिले में निर्धारित मापदण्ड से अधिक सूखत/कमी पाई गई है? यदि हॉ तो क्या कारण है तथा उक्त के परिप्रेक्ष्य में क्या-क्या कार्यवाही की गई है? किस-किस के द्वारा कब-कब जांच की गई? जांच समिति के सदस्यों के नाम तथा जांच प्रतिवेदन के प्रमुख तथ्यों की बिन्दुवार एवं समिति की कार्यवाही हेतु की गई अनुसंशा की जानकारी देवें?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:50 |

## Remark :

कले. प्रति
मार्कफेड
अपेक्षित